पंजाब केसरी
22-03-2026

जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र अश्वनीत ने काव्य संगोष्ठी में पाया प्रथम स्थान

अम्बाला, 21 मार्च (बलराम): छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में आयोजित डॉ. पद्म सिंह शर्मा कमलेश मैमोरियल हिन्दी काव्य संगोष्ठी में जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र अश्वनीत ने प्रथम स्थान हासिल कर अपने कॉलेज का मान बढ़ाया।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित काव्य संगोष्ठी में अश्वनीत ने अपनी प्रभावशाली एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल एवं श्रोताओं को प्रभावित किया। उनकी कविता में अभिव्यक्ति, संवेदनशीलता और सृजनात्मकता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। इस प्रस्तुति के लिए उन्हें प्रथम स्थान के साथ 3100 रुपए का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अश्वनीत की सफलता उसकी मेहनत, प्रतिभा और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। अश्वनीत की यह उपलब्धि न केवल हमारे कॉलेज का गौरव बढ़ाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ने कहा कि अश्वनीत ने अपनी सशक्त अभिव्यक्ति और गहन साहित्यिक समझ के माध्यम से यह मुकाम हासिल किया है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल का विकास होता है, जो उनके समग्र व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है।



डॉ. पद्म सिंह शर्मा कमलेश मैमोरियल हिन्दी काव्य संगोष्ठी में प्रथम स्थान हासिल करने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के छात्र अश्वनीत को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)